# जी.एस.टी. लागू होने से देश की बढ़ी आय, आमजन को मिली सुविधाएं: कर्नल राज्यवर्धन



कर्नल राज्यवर्धन ने झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में व्यापारियों से संवाद किया।

- राज्यवर्धन ने देश में रोजगार के बढ़ते अवसरों पर विस्तारपूर्वक व्यापारियों से चर्चा की
- देश की मजबूती के लिए सैनिक शक्ति के साथ आर्थिक शक्ति भी जरूरी : कर्नल राज्यवर्धन

**जयपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने आज सोमवार को झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में सिरसी, वैशाली और खातीपुरा मण्डल व्यापारियों के साथ संवाद किया इस दौरान उन्होंने पिछले 9 सालों में मोदी सरकार द्वारा छोटे-बड़े व्यापारियों के हित में किए गये कार्यों और देश में रोजगार के बढ़ते अवसरों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की, साथ ही व्यापारियों को रोजगार में आ रही समस्याओं और समाधान के बारे में भी बात की।

कर्नल राज्यवर्धन ने कहा कि किसी भी देश की मजबूती और विकास में सैन्य शक्ति के साथ-साथ आर्थिक मजबूती का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है। पिछले 9 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपनी ईमानदारी, इच्छा शक्ति और क्षमता के साथ संघर्ष करते हुए देश को नई दिशा दी है। आज देश बाहर से ही नहीं अंदर से भी मजबूत हो रहा है। सरकारी योजनाओं के 29 लाख करोड़ रूपये बिना चोरी हुए 105 करोड़ लाभार्थियों के बैंक खातो में सीधे पहुंच रहे है। 200 सालों तक लूटने वाले देशों को पछाडकर 9 सालों में ही भारत अर्थव्यवस्था में पांचवे नम्बर पर पहुंच गया है। कर्नल राज्यवर्धन ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के आर्थिक विकास के भारत की टैक्स व्यवस्था को व्यवहारिक बनाया और जीएसटी लागू करने का फैसला लिया जीएसटी लागू होने से देश को सालाना करोड़ो रूपये की आय हो रही है जिससे करोड़ो गरीब लोगों को पक्के मकान, पीने के लिए नल से साफ जल, मुफ्त राशन, मुफ्त इलाज सहित अनेक सुविधाएं उपलब्ध हो रही है।

## संक्षिप्त

### महंगाई राहत कैंप में पहुंचे जुबेर खान

**अलवर।** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत लालवंडी में आयोजित महंगाई राहत कैंप मेवात विकास बोर्ड के चेयरमैन पर पूर्व विधायक जुबेर खान नेभाग लेकर कैंप का अवलोकन किया व कैंप में आए आमजन को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया और लाभार्थियों को गारंटी कार्ड वितरित किए। इस मौके पर स्थानीय ग्राम पंचायत सरपंच दारा सिंह ने मेवात विकास बोर्ड के चेयरमैन जुबेर खान का साफा बांधकर माला पहनाकर स्वागत किया इस मौके पर रामगढ़ ग्राम पंचायत समिति प्रधान नसरू खान सहित उपखंडअधिकारी अमित वर्मा तहसीलदार धीरेंद्र कर्दम पंचायत समिति रामगढ़ से रमेश गुर्जर ग्राम पंचायत सरपंच धारा सिंह पूर्व पंच पहलाद सिंह इत्यादि मौजूद थे इस मौके पर जनप्रतिनिधियों व ग्रामवासियों द्वारा किए गए स्वागत के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

### पोस्टर का विमोचन

**सांभरझील।** यहां हिंदुस्तान/सांभर साल्ट लिमिटेड द्वारा विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर साल्ट हॉस्पिटल में 14 तारीख को आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन सांभर साल्ट के समूह महाप्रबंधक संचालन महेंद्र प्रताप सिंह राठौड़, नावां जीएम कमांडर सतीश दशरथ चौधनकर, वरिष्ठ प्रबंधक दिलबाग सिंह द्वारा कार्यालय परिसर में किया गया। इस मौके पर राठौड़ ने कहा कि रक्तदान जैसे कार्यक्रम को हम सब को आगे आकर सफल बनाना चाहिये। इसके लिए उन्होंने कर्मचारियों व युवाओं से रक्तदान शिविर में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की। इस अवसर पर साल्ट के चंद्रशेखर शर्मा, त्रिलोक चंद कुम्हार, गिर्राज शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### जेवर बरामद

**मालपुरा (निसं.)।** पचेवर थाना क्षेत्र के तुन्देडा गांव मे 1० जून की रात्री मे बद्री जाट के मकान मे ताले तोड आभुषण चोरी की वारदात मे लिप्त आरोपी महिला को गिरफतार कर निशानदेही से चुराये गये आभुषण किये बरामद। थानाधिकारी रामजस कुमावत ने बताया कि बद्री जाट के मकान मे हुई चोरी की वारदात के बाद दी रिपोर्ट के बाद विशेष टीम का गठन कर मुखबीर की सुचना पर कार्रवाई की।

# शिविर में पात्र लोगों को गारंटी प्रमाण पत्र बांटे

- लाभार्थियों से संवाद कर योजनाओं की जानकारी दी

**लालसोट।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा एवं जिला कलक्टर कमर उल जमान चौधरी ने डीडवाना में आयोजित हुए महंगाई राहत कैंप एवं प्रशासन गांवों के संग अभियान का निरीक्षण कर वहां मौजूद पात्र लोगों को मुख्यमंत्री गारंटी प्रमाण पत्र वितरित किए गए। चिकित्सा मंत्री मीणा ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि यह महंगाई राहत शिविर पात्र लोगों के लिए वरदान बनकर सामने आए हैं। चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि किसी के द्वारा इस तरह की कल्पना भी नहीं की गई होगी कि लगातार शिविरों के माध्यम से राहत शिविरों में गारंटी प्रमाण पत्र प्रदान कर लाभार्थियों को बड़े पैमाने पर लाभान्वित किया जाएगा। जिला कलेक्टर चौधरी ने शिविर में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य सरकार की मंशा अनुसार राहत शिविरों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों को लाभान्वित करने का प्रयास किया जाए.. कैंप में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीना व ज़िला कलक्टर दौसा कमर उल जमान चौधरी ने लोगों को गारंटी कार्ड वितरण किए। गारंटी कार्ड प्राप्त कर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे उन्होंने मंत्री व मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। ग्राम पंचायत डीडवाना मैं महंगाई राहत एवं प्रशासन गांव के संग अभियान 2023 का आयोजन किया गया।जिसमें कुल 514 परिवारों का पंजीयन किया गया जिसमें इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना के 37 मुख्यमंत्री निशुल्क बिजली योजना घरेलू के 84,मुख्यमंत्री निशुल्क बिजली योजना कृषि 25 अन्नपूर्णा योजना 148 मुख्यमंत्री ठाामीण रोजगार गारंटी योजना के 29 सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 61 व मुख्यमंत्री कामधेनु बीमा योजना के 383 चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना 249व मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा 249 लोगों को गारंटी कार्ड वितरण किए गए।

# शराब ठेके के पास पड़ा मिला शव



पुलिस दल ने मौके पर जाकर जांच की।

**किशनगढ़ बास।** बीती रात्रि को बासड़ा रोड़ पर शराब के ठेके के पास मृत अवस्था में मिले पिता को अस्पताल लेकर पहुंचे बेटे ने पुलिस कार्रवाई से इंकार करते हुए कहा शराब पीने के आदि थे अधिक शराब पी लेने से मृत्यु हो गई।

थाना किशनगढ़ बास में प्रशिक्षु सब इंस्पेक्टर मेनका वरदानी ने बताया कि किशनगढ़बास के बासड़ा रोड पर शराब की दुकान के पास किशनगढ़ बास के गांव बासकृपाल नगर निवासी राकेश उर्फ पप्पू पुत्र रोशनलाल वाल्मीकि का शव पड़ा मिला। मृतक राकेश कुमार के शव को उसका बेटा अशोक कुमार उर्फ कल्लू किशनगढ़ बास सीएचसी की मोर्चरी में लेकर पहुंचने पर सूचना मिलने पर किशनगढ़बास थाने की प्रशिक्षु सब इंस्पेक्टर मेनका वरदानी एएसआई ज्ञानचंद सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। मृतक के पुत्र अशोक कुमार ने बताया कि उसका पिता राकेश कुमार शराब पीने का आदी था। अधिक मात्रा में शराब सेवन से उसकी मौत हो गई। परिजनों द्वारा किसी प्रकार की कोई कानूनी कार्रवाई नहीं चाहने पर पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया।

# 'गांधी दर्शन कार्यक्रम युवाओं के लिए उपयोगी'

**रामगढ़ पचवारा।** उपखंड मुख्यालय स्थित बालाजी गार्डन में सोमवार को गांधी दर्शन एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए युवा कांठोस नेता कमल मीणा एवं पूर्व चेयरमैन दिनेश मिश्र ने कहा कि गांधी दर्शन कार्यक्रम से माध्यम से दी जाने वाली जानकारी युवाओं के लिए उपयोगी होने के साथ ही युवाओं के जीवन चरित्र पर सकारात्मक प्रभाव डालेंगे। कहा कि गांधी जी द्वारा किए गए देशभक्ति से ओतप्रोत विचारधारा वाले आंदोलन आदि के बाद उनको राष्ट्रिपता का दर्जा दिया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परिषद के सीईओ रामकिशोर मीणा द्वारा गांधी जी के जीवनी पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। बालाजी गार्डन में गांधी दर्शन एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन में गांधीजी के जीवनी विचारधारा एवं स्वतंत्रता संग्राम तक की कहानियों पर प्रशिक्षण दिया गया.. इस गांधी दर्शन एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान गांधी जी की जीवनी उनकी शिक्षा काले गोरे का भेद भाव नमक छोड़ो आंदोलन भारत छोडो आंदोलन आदि पर चर्चा की गई। जिसमें 334 गांधी दर्शन सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया गांधी दर्शन के सदस्यों ने रामगढ़ स्कूल से लेकर बालाजी गार्डन तक प्रभात रैली निकाली गई। इसके पश्चात कार्यक्रम के अतिथि पीसीसी सदस्य कमल मीणा एवं दिनेश मिश्र जिला परिषद सीईओ रामकिशोर मीणा उप प्रधान सूरज कटारा समाजसेवी डॉ मोहन लाल मीणा पूर्व उपप्रधान किशन लाल मीणा आदि द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसमें प्रदेश कांठोस सचिव कमल मीणा प्रदेश सचिव दिनेश मिश्रा जिला परिषद सीईओ रामकिशोर मीणा गांधी आदि मोजुद रहे।

## फेयर का उद्घाटन

**कोटपूतली।** ग्रीष्मकालीन अवकाश में प्रतिवर्ष की भांति कस्बे के पूतली रोड़ स्थित टी.वी.टॉवर के सामने राजस्थान मेगा ट्रेड फेयर का शुभारम्भ रविवार शाम क्षेत्रीय विधायक, उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव द्वारा बतौर मुख्य अतिथि फिता काटकर एवं भगवान श्री गणेश पूजन के साथ किया गया। यादव ने आयोजकों के साथ पुरे मेले का अवलोकन कर स्टॉल संचालकों के साथ संवाद किया एवं उन्हें अच्छे व्यापार के लिए शुभकामनायें प्रेषित की। उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए यादव ने कहा कि आधुनिक युग में मॉल, प्लाजा जैसी संस्कृति को बढ़ावा मिला है, लेकिन यह हमारे समाज व आने वाली पीढ़ी के लिए अच्छा नहीं है। जबकि मेले हमारी प्राचीन संस्कृति के प्रतीक है।

# 2 करोड़ 46 लाख के विकास कार्य मंजूर

**मालपुरा/टोंक, (निसं.)।** पूर्व उपमुख्यमंत्री व टोंक विधायक सचिन पायलट ने टोंक विधानसभा क्षैत्र मे विधायक स्थानीय विकास कोष से विभिन्न कार्यो के लिए 2 करोड 46 लाख की स्वीकृ ति जारी की है। उक्त कार्यो के स्वीकृति जारी करवाने पर टोंक पीसीसी सदस्य सऊद सईदी,निर्वतमान कांग्रेस जिलाध्यक्ष लक्ष्मण गाथा,दिनेश चोरसिया,हंसराज गुर्जर,मूलचन्द बैरवा,मंडल अध्यक्ष रामसिंह चौधरी,डीआर घीसी देवी,शिवराज मीणा,रामप्रसाद चौपडा,रणजीत सिंह गेदिया,सहित सरपंचो ने पायलट का आभार व्यक्त किया। स्वीकृत विकास कार्यो मे अलियारी मे राउमावि लक्ष्मीपुरा जाटान मे 2 कक्षा-कक्ष निर्माण के लिए 1० लाख, राउमावि मंडा मे भवन मरम्मत के लिए 5 लाख,कालू से सुवा मीणा तक सीसी रोड के लिए 6 लाख,रामनगर मे सीसी रोड के लिए 5 लाख, बावडी मे मां जलदेवी मंदिर परिसर मे छाया के लिए टीनशेड व अन्य कार्यो के लिए 15 लाख, बावडी मे कब्रिस्तान की चार दिवारी के लिए 5 लाख व राउमावि बावडी मे कक्षा-कक्ष के लिए 1० लाख, राउमावि बास खारोलान श्रीरामपुरा मे कक्षा-कक्ष के लिए 1० लाख आदि कार्यो की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है।

## शिविर में 1735 लोग लाभान्वित

**श्रीमाधोपुर।** उपखंड क्षेत्र में कुल 14 स्थानों पर स्थाई महंगाई राहत एवं ठााम पंचायत रामपुरा थोई व सकराय में प्रशासन गांवों के संग अभियान का आयोजन किया गया। 14 स्थानों पर लगे स्थाई महंगाई राहत कैम्पो में राज्य सरकार की बजट घोषणा के अनुसार 10 योजनाओं में रजिस्ट्रेशन किये। इस दौरान उपखण्ड श्रीमाधोपुर में राज्य सरकार की 10 योजनाओं के अन्तर्गत कुल 1877 रजिस्ट्रेशन किए गये।उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह राठौड़ ने बताया कि ठााम पंचायत रामपुरा थोई व सकराय में आमजन को राहत पहुँचाने वाले अनेक कार्य किये गये जिनमें राजस्व विभाग द्वारा 9 खाता विभाजन, 122 नामान्तरण,688 शुद्धिकरण, 27 रास्ते के प्रकरण ,75 सीमाज्ञान / पत्थरगढ़ी के प्रकरण, 742 जाति व मूल निवास प्रमाण पत्र, 625 प्रतिलिपिया जारी कर 1735 व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया। पंचायती राज विभाग द्वारा 2 आवासीय पट्टों के आवेदन, 2 प्रधान मंत्री आवास योजना के आवेदन, 3 नवीन जॉब कार्ड आवेदन, 2 जन्म प्रमाण पत्र, 1मृत्यु प्रमाण पत्र,2 शौचालय विहीन परिवारों को जोड़ने का प्रस्ताव तैयार किया जा कर कुल 92 व्यक्तियों को लाभान्वित किया। चिकित्सा विभाग द्वारा 191 व्यक्तियों को ,आयुर्वेद विभाग द्वारा 153 व्यक्तियों को, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 48 महिलाओं को एवं शिक्षा विभाग द्वारा 67 व्यक्तियों को छात्र लाभकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर लाभान्वित किया गया।

# ग्राम पंचायत मोलाहेड़ा के 105 शौर्य वीरों का हुआ सम्मान

**कोटपूतली।** समर्थ सशक्त कोटपूतली टीम द्वारा क्षेत्र के गौरव सैनिकों व विभिन्न सुरक्षा बलों से जुड़े सभी वीर जवानों के सम्मानार्थ एक सम्मान समारोह शौर्य को नमन कार्यक्रम ग्राम पंचायत मोलाहेड़ा में आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत मोलाहेड़ा के 105 शौर्य वीरों का माल्यार्पण कर व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया।

अभियान संयोजक मुकेश गोयल ने भारत माता तथा ग्राम मोलाहेड़ा के वीर शहीदों बहादुर सिंह गुर्जर, मेहताब सिंह व कैलाश चन्द गुर्जर के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया। गोयल ने कहा कि शौर्य वीरों के साहस, त्याग, समर्पण व राष्ट्र सेवा से आगे आने वाली पीढियां प्रेरणा ले सकें, इसी उद्देश्य से यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। जहां हमारे वीर जवान सेना में रहते हुए देश की सेवा करते है वहीं दूसरी और सेवानिवृत होकर अनेक सामाजिक सौहार्द के कार्यक्रमों में जुटे रहते है। उन्होंने कहा कि शौर्य वीर अपने घर परिवार से दूर रहकर अपना जीवन राष्ट्र की सेवा में समर्पित करते है इससे बड़ा त्याग कोई नहीं है। गोयल ने कहा कि वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार आने के बाद से ही सैनिकों का मनोबल बढ़ा है। क्योकि पहले जहां राजनैतिक निर्णयों के अभाव में सैनिकों को पूरा पराक्रम दिखाने की छूट नहीं थी। मोदी सरकार ने सैनिकों को पूरी छूट देते हुए उनके मनोबल को बढ़ाया। यही कारण है कि आज भारत रक्षा क्षेत्र में अग्रणी राष्ट्र है। सरकार की नीतियों के कारण बेटियां भी अब बहुत अधिक संख्या में विभिन्न सुरक्षा बलों में अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही है। उन्होंने युवाओं से लक्ष्य तय कर उसी दिशा में कठोर परिश्रम करते हुए आगे बढने की बात कही। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त 2022 से शौर्य को नमन कार्यक्रम कोटपूतली विधानसभा में लगातार जारी है। विशिष्ट अतिथि पूर्व सरपंच चिरंजीलाल गुर्जर एवं सरपंच शीशराम गुर्जर ने समर्थ सशक्त टीम को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि शौर्य वीरों के सम्मानार्थ उठाया गया यह कदम अपने आप में एक अनूठी पहल है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से हमारे शौर्य वीरों का तो हौसला बुलंद होता ही है बल्कि उनके परिवार व क्षेत्र के लोगों को गर्व का अनुभव होता है। अध्यक्षता हवलदार लाखाराम गुर्जर ने की। भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष राजेश सराधना, भाजपा एससी मोर्चा नगर अध्यक्ष विजय आर्य ने भी अपने विचार व्यक्त किये। समारोह में भारतीय सेना में सेवारत व सेवानिवृत जवानों तथा विभिन्न सुरक्षा बलों के 105 शौर्य वीरों का सम्मान किया गया।

संचालन विकास जांगल ने किया। इस दौरान कैलाश टेलर, हरदान लीडर, पूर्व उप सरपंच रामकुमार गुर्जर, बिड़दाराम जेलदार, हव.भगवान, सुबेदार मातादीन, रोशन हवलदार, हरिराम गुर्जर, मनोहर गुर्जर, लीलाराम गुर्जर, जगदीश आर्य, महेश निर्वाण, रामशरण थानेदार, राजकुमार, मनोज, रोहिताश गुर्जर, बनवारी आर्य, धूड़ाराम आर्य, लालाराम धानका, रामस्वरूप गुर्जर, कैलाश, फूलसिंह गुर्जर, भेभाराम गुर्जर, नाहरसिंह गुर्जर, भोलाराम गुर्जर, मनोहर गुर्जर, गोकुल हवलदार, छाजुराम गुर्जर, हनुमान गुर्जर, धोलाराम गुर्जर, जयदयाल गुर्जर, मालाराम गुर्जर, बजरंग सैन, महेश सैन समेत बड़ी संख्या में सैनिक, अर्द्धसैनिक व विभिन्न सुरक्षा बलों व पुलिस बलों के जवान एवं उनके परिजन मौजूद रहे।

## भाजपा की बैठक हुई

**रामगढ़ पचवारा।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर राज्यसभा सांसद डॉ किरोडी लाल मीणा के दिशा निर्देश के अनुसार भारतीय जनता पार्टी राहुवास मंडल की मीटिंग का आज आयोजन भाजपा नेता रामबिलास डूंगरपुर के नेतृत्व में मंडल अध्यक्ष भंवरसिंह झूपडिया की अध्यक्षता में आर एस कालेज डूंगरपुर पर आयोजित हुई। जिसमें कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार कुशासन जंगलराज के खिलाफ कल भाजपा कार्यालय जयपुर में होने वाले विशाल जनाक्रोश आंदोलन को लेकर सभी तैयारियों के संदर्भ में बीजेपी कार्यकर्ताओं की मीटिंग का आयोजन किया गया। भाजपा मीडिया प्रभारी मोतीलाल शाहजहांनपुरा ने बताया कि लालसोट विधानसभा क्षेत्र से सभी मंडलों से हजारों कार्यकर्ता वाहनों के माध्यम से प्रदेश कार्यालय पहुंचकर कांठोस सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगे जिसमें बूथ स्तर से लेकर सैकडों की संख्या में कार्यकर्ताओं को कल के होने वाले आंदोलन में पहुंचने का आ ान किया.. इस दौरान इस दौरान भाजपा नेता रामबिलास डूंगरपुर राहुवास मंडल अध्यक्ष भंवर सिंह झूपडिया महेश कुमार शर्मा टोरडा महामंत्री बिल्लू कल्लावास पोकरमल सैनी शंभू डिडवाना श्रीराम माधोपुरा कैलाश बालाजी श्रीनारायण मीणा जिला परिषद सदस्य विधानसभा विस्तारक जीतू चौधरी बच्चन सिंह गुर्जर रामचरण मीणा सचिन शर्मा सीताराम मीणा तेजराम मीणा कमलेश मीणा भरत लाल मीणा सहित भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# फुलेरा को जयपुर जिले में ही यथावत रखने की अपील

**फूलेरा, ( निसं. )।** राजस्थान सरकार के राज्य स्तरीय खाद्य एव नागरिक आपूर्ति नियंत्रण विजिलेंस सुरक्षा कमेटी के राज्य स्तरीय सदस्य मोहम्मद अयूब खान के नेतृत्व में फुलेरा का शिष्टमंडल ने मुख्मन्त्री के ओएसडी देवाराम सैनी से मुलाकात की। साथ ही इस दौरान क्षेत्र के विकास के कई बिन्दुओं को लेकर मांग की गई। जबकि मुख्य बिन्दु यह रहा कि फुलेरा को जिला बनाने के लिए मुख्यमंत्री से आठाह किया एवं फुलेरा की जनता की भावनाओ को देखते हुए इसे जयपुर जिले में ही यथावत रखा जाये। वहीं फुलेरा में महिला कॉलेज खुलवाने, बिजली बोर्ड एईएन आफिस खुलवाने की मांग रखी गई। ज्योतिबा फुले की मूर्ति लगवाने के लिए अनुमति देने की बात रखी गई। फुलेरा के सामाजिक लोगो पर 27 मई 2012 में लगाये गए सरकारी मुकदमे को पुन: लेने के सदर्भ में बात रखी गई। जिसके लिए ओएसडी देवाराम ने बताया कि सामाजिक लोगो पर लगे मुकदमो के लिए हम प्रयास करेंगे कि वापस हो जाये। इस अवसर पर निर्मल शर्मा, पूर्व कांठोस अध्यक्ष पूर्व व्यापार महासंघ सयोजक पूरणमल सरावता वर्मा, पूर्व पार्षद दिलीप सरोलिया, रावणा राजपूत समाज के प्रदेश प्रतिनधि गोविन्द सिंह बडगुर्जर, देवेन्द्र टांक, महात्मा ज्योतिबा फुले संस्था अध्यक्ष राजकुमार सैनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### आई.पी.एस. ने ग्रहण पदभार किया



**अलवर।** नवगठित खैरथल जिले के प्रथम आईपीएस सुरेंद्र सिंह ने सोमवार को जगह चिन्हित नहीं होने के कारण खैरथल थाना परिसर में पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर किशनगढ़ बास विधायक दीपचंद खेरिया ने आईपीएस विशेष अधिकारी सुरेंद्र सिंह को गुलदस्ता देकर व फूल माला पहनाकर पदभार ग्रहण करवाया गया व मिठाइयां खिलाई गईं। इस मौके पर किशनगढ़ बास डीएसपी जयप्रकाश बेनीवाल, किशनगढ़बास एसएचओ अमित चौधरी, खैरथल थाना अधिकारी अंकेश कुमार, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष विक्रम उर्फ विक्की चौधरी ,पार्षद जाजन मुलानी, ब्लॉक अध्यक्ष शिवचरण गुप्ता, जसवंत आर्य, विकास मंच के पदाधिकारी श्याम लाल शर्मा, हीरालाल पीटीआई , पवन वासु मुशरफ खान, मोहन शर्मा, तैयब खान, दिसंबर गुर्जर, भरत मिस्त्री, दीपक यादव, सत्यम चौधरी, पिंकू यादव, मुनमुन चौधरी, बिरजू सिंह, राजेंद्र चौधरी सहित कांठोस के पार्षद एवं कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 'प्याऊ लगाना प्रथम पुनीत कार्य'

**बहरोड़/अलवर।** 12 जून 2023 फव्वारा व्यवसायी के नेतृत्व में अलवर जिले के सोडावास कस्बे में पीने के पानी की किल्लत के चलते प्याऊ का फीता काटकर शुभारंभ करने को लेकर मानस तत्वानुसंधान केंद्र बहरोड़ के पंडित अशोक बोहरा ने धर्मार्थ सार्वजनिक प्याऊ लगाने को मानव जीवन का प्रथम पुनीत कार्य बताया। गौरतलब है कि भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए आम जनता के लिए बहरोड़ से अलवर रोड पर स्थित सोडावास कस्बे के मुख्य तिराहे के पास सोडावास कस्बे के व्यापारियों के सहयोग से फव्वारा सेट व्यवसायी जागिरदार प्रेम प्रकाश पटवारी नासरपुर के नेतृत्व में धर्मार्थ सार्वजनिक पीने की प्याऊ का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। जिसमें सोडावास कस्बे के अलवर मार्ग के दुकानदारों ने जनहित में धार्मिकता की भावनाओं के चलते प्याऊ लगाने की योजना बनाई। सामाजिक सरोकार के चलते पुण्य के इस कार्य में मार्केट के लोगों के द्वारा ही आपसी चंदा राशि एकत्रित कर योगदानकर्ताओं की उपस्थिति में सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम प्रकाश पटवारी जागीरदार नासरपुर के हाथों फीता काटकर शुभारंभ कराया गया। वहीं मार्केट के व्यवसायियों द्वारा प्रेम प्रकाश पटवारी को चुंदड़ी का साफा भी पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं धर्मार्थ सार्वजनिक प्याऊ लगाने पर मानस तत्वानुसंधान केंद्र बहरोड़ के पंडित अशोक बोहरा ने ऐसे धर्मार्थ कार्यों में सार्वजनिक सेवार्थ प्याऊ लगाने को मानव जीवन का प्रथम पुनीत कार्य बताया। वहीं उन्होंने बताया कि जल जीव का प्रथम कारक तत्व है। इसलिए जल सेवा ही जीवन सेवा है। इस दौरान जयवीर चौधरी, मनोज चौधरी, विकास चौधरी, प्रेमप्रकाश यादव, मोनू यादव, राजेश यादव, बिल्लू बादशाह, बलवंत यादव, निकेश राणा, ज्योति व लोकेश सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### रामअवतार सैनी बने जिला महासचिव

**निवाई।** कांग्रेस कमेटी अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के जिलाध्यक्ष एडवोकेट पंकज यादव ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए संगठन में प्रदेश कांठोस कमेटी के ओबीसी विभाग का रामअवतार सैनी को टोंक जिला महासचिव के पद पर मनोनीत किया गया है। ओबीसी विभाग के जिलाध्यक्ष एडवोकेट पंकज यादव ने बताया कि प्रदेश कांठोस कमेटी के ओबीसी विभाग के प्रदेशाध्यक्ष हरसहाय यादव के निर्देशानुसार निवाई निवासी रामअवतार सैनी को अन्य पिछडा वर्ग प्रकोष्ठ का जिला महासचिव के पद पर मनोनीत किया है।

### बैडमिंटन में टोंक तृतीय स्थान पर

**मालपुरा, (निसं.)।** बीकानेर मे आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता मे टोंक की टीम को तीसरा स्थान मिला। मो. इस्लाम नकवी ने बताया कि सेमीफाईनल मुकाबला टोंक व चुरू के बीच हुआ। जिसमे बराबर के अंक लाने पर ड्यूज पर तीन बार चले मुकाबले मे तीसरा स्थान रहा। तो तीसरे स्थान पर रही टोंक व हनुमानगढ को बराबर अंक लाने पर दोनो को संयुक्त विजेता घौषित किया गया। टोंक टीम के जूनियर खिलाडियों के उत्कर्ष्ट प्रदर्शन पर खेल प्रेमियो के साथ-साथ बॉल बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष मूल शंकर शर्मा,चैयरमेन इस्हाक नकवी,सचिव मो. यूसूफ,किशन लाल जाट,एडवोकेट कन्हैयालाल सैनी व कैलाश सैनी सहित पदाधिकारियो ने खिलाडियो को बधाई दी।

### पैट्रोल चोर गिरोह का आतंक

**मालपुरा, (निसं.)।** मालपुरा शहर मे बीते एक वर्ष से पैट्रोल चोर गिरोह का आंतक दिन-प्रतिदिन बढता जा रहा है। पैट्रोल चोर गिरोह पुलिस की रात्री गश्त के बावजूद भी दुपहिया व चौपहिया वाहनो से पैट्रोल चोरी की एक के बाद एक वारदाते कर रहै है। रविवार की रात को शहर के आदिनाथ कॉलोनी वन विभाग कार्यालय के पिछवाडे चिरंजीलाल शर्मा,खेमराज शर्मा व अजय सिंह के घर के बाहर खडी कारो को शातिर पैट्रोल चोरो ने निशाना बना श्रीराम चौधरी के बाडे से बडा पात्र चोरी कर तीन कारो के पाई काट पैट्रोल चोरी की वारदात को दिया अंजाम। महज एक दिन पूर्व शहर के नवीन मंडी मे ज्वैलर्स की दुकान का शट्टर उखाड चोरी का भरकस प्रयास किया गया। बढती चोरी की वारदातो के बावजूद स्थानीय पुलिस प्रशासन हाथ पर हाथ धरे मुकदर्शक बना बैठा है। अतिसंवेदनशील मालपुरा शहर मे सरकारी रोड लाईटे एक पखवाडे से बंद होने व रातभर शहर मे अंधेरा होने का शातिर चोर फायदा उठा चोरी की वारदातो को अंजाम दे रहै है। लेकिन ना तो नगरपालिका प्रशासन और ना ही उपखण्ड प्रशासन बंद पडी रोड लाईटो को चालू करवाने को लेकर कोई सार्थक प्रयास नही कर रहा है।

### बिजली से आमजन त्रस्त

**फागी।** कस्बे में इन दिनों बिजली की आंख मिचोनी से आम जन परेषान है। बिजली विभाग द्वारा कस्बे में इन दिनों रात हो या दिन कई कई बार अवैध एवं असमय कटौती होने से आमजन परेषान एवं ठगा सा महसूस करने लगा है। कई बार तो पूरी पूरी रात को भी बिजली नहीं आने से जहां पानी हो या लघु उद्योग सब बंद पडे रहते है जिससे आटा आदि के लिए भी कस्बेवासी भटकते देखे जा सकते है तो दूसरी ओर गर्मी से राहत के लिए नौनिहालों को रोते बिलखते देखे जा सकता है पूर्व में भी इस सम्बन्ध में विभाग के बाहर कस्बे वासियों ने धरना प्रदर्षन कर विरोध जताया था किन्तु फिर वही कहानी शुरू होने से आमजन त्रस्त है।

### शराब के 96 पव्वे जप्त

**कोटपूतली।** निकटवर्ती पनियाला थाना पुलिस ने अवैध शराब का परिवहन करते दो जनों को गिरफ्तार किया है। एसएचओ लक्ष्मीनारायण ने जानकारी देते हुए बताया कि गश्त के दौरान मुखबीर की सूचना पर पुलिस टीम ग्राम केशवाना राजपूत स्थित रीको औधोगिक क्षेत्र पहुँचे। जहाँ अभियुक्त रिसू कुमार (25) पुत्र मनोज कुमार राजपूत निवासी महाराजपुर, थाना पिलुआ, जिला ऐटा (यूपी) को अवैध देशी शराब सादा मदिरा का परिवहन करते गिरफ्तार कर 48 पव्वे शराब जप्त की। इसी प्रकार केशवाना राजपूत पुलिया के पास से दलवीर सिंह (33) पुत्र प्रीतम सिंह राजपूत निवासी महाराजपुर पोस्ट ककरावली, थाना पिलुआ, जिला ऐटा (यूपी) को गिरफ्तार कर 48 पव्वे देशी सादा मदिरा के जप्त किये। दोनों ही अभियुक्तों के पास इस बाबत कोई अनुज्ञा पत्र भी नहीं मिला। पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर दोनों मुल्जिमों को गिरफ्तार कर लिया।

### आज 5 घंटे रहेगी विद्युत कटौती

**मालपुरा, (निसं.)।** सम्पूर्ण मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र मे 13 जून मंगलवार को 5 घंटे रहेगी विधुत कटोती। निगम सहायक अभियंता कदम वशिष्ट ने बताया कि 132 केवी जीएसएस केकडी रोड पर आवश्यक रखरखाव कार्यो के चलते आज प्रात: 6 बजे से 11 बजे तक सम्पूर्ण मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र मे विद्युत कटोती रहेगी।